श्रीमती चन्द्रकला पांडेय: यह 17 जुलाई का जो प्रश्न था, वह अत्यंत विशिष्ट प्रश्न था, उसके लिए आज अल्पकालिक चर्चा यहां हो रही है, भारती राय जी ने जिसका इनिसियेशन किया। सब से पहले मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहती हूं। मंत्री जी के उत्तर पर सब से पहले मेरा प्रश्न होगा, (क) और (ख) का जहां उन्होंने उत्तर दिया है कि विश्व की सम्पत्ति का 10 प्रतिशत से भी कम अंश उनके स्वामित्वाधीन है। जबकि विश्व का आधा आकाश महिलाओं का है तथा भारतवर्ष में सरकार ने इस संबंध में अलग से कोई आकलन नहीं किया है, आकलन कराना चाहिये। दूसरी बात आपने कही भूमि पर अधिकार के बारे में कि सरकार महिलाओं की आर्थिक शक्ति सम्पन्नता के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे खुशी है, मैं जिस प्रदेश से आती हूं मेरे राज्य में भूमि सुधार के संबंध में संयुक्त पट्टे दे कर काफी बड़ी संख्या में महिलाओं को उनके अधिकार दिये गये हैं। इस अल्पाकालिक चर्चा में भाग लेते हुए मैं भी अपनी अन्य बहनों की तरह भारतीय महिलाओं के लिए सम्पत्ति में समान स्वामित्व की मांग करना चाहूंगी। एक ऐसे भारतीय समाज में जहां अब तक महिलाएं अपने घर में स्वामिनी तो है लेकिन मैं उन्हें तथाकथित स्वामिनी मानती हूं। मैं आपको एक छोटी सी कहानी की दो पंक्तियां सुनाना चाहूंगी। हमारे क्या सम्राट है प्रेम चन्द। उनकी कहानी है। एक व्यक्ति को 10-10 रुपये मैं चार नौकरों की तलाश थी, एक घर साफ करने के लिए, एक कपड़े धोने के लिए, एक भोजन बनाने के लिए और एक खर्च का हिसाब रखने के लिए। उसके एक मित्र ने सुझाव दिया कि तुम 40 रुपये क्यों खर्च करोगे, तुम शादी कर लो। कहानी का नाम है शादी और शादी करके 40 रुपये से कम में तुम्हारा काम चल जाएगा। स्वामिनी भी होगी, दासी भी होगी और सम्पत्ति में भी कोई अधिकार नहीं देना होगा। आज ज़माना बहुत बदला है। अभी हम लोग जिन कानूनों की बात कर रहे थे दयाभाग, मिताक्षरा की, उसके अतिरिक्त ट्राइबल कानून पहले थे। ट्राइबल कानून में काफी कुछ महिलाओं को इक्वालिटी मिलती थी लेकिन जैसे हिन्दू समाज में सती के नाम से महिलाओं को जला कर सम्पत्ति के अधिकार से वंचित कर देते थे वैसे ही आदिवासियों में डायनी प्रथा के नाम पर आज ऐसी महिलाओं को घर से निकाल रहे हैं, मार डाल रहे हैं, जला रहे है जो किसी न किसी रुप में पति के मरने के बाद सम्पत्ति की अधिकारी होती। हमारे इस भारतीय समाज में जहां अब तक यह मानते रहे हैं—

वह समाज की नहीं इकाई शून्य समान अनिश्चित
उसका जीवनमान मान पर नरके है अवलम्बित
वह तो ज़ीरो है, उस की इकाई नहीं है। शक्तिशाली व्यक्ति से जुड़ कर वह भी शक्तिशाली बनती है। पिता शक्तिशाली है तो पुत्री भी शक्तिशाली है, पति शक्तिशाली है तो पत्नी भी शक्तिशाली है, पुत्र शक्तिशाली है तो माता शक्तिशाली है लेकिन आज समय की यह मांग है हर महिला को अवेयर करे, जागृत करें। कानून बना कर तो उन्हें सक्षम बनाना ही होगा, मेरे एक कुलीग ने यहां बात उठाई कपिल सिब्बल साहब ने, मैं उनका भी समर्थन करना चाहूंगी कि सब से पहले तो उन्हें इम्पावर्ड करना है, सशक्त करना है। सम्पत्ति में अधिकार की बात जहां आती है कुछ ऐसी भी महिलाएं है जिनके पति की कोई बहुत बड़ी सम्पत्ति नहीं है। वहां जो भी है, जमीन का टुकड़ा है, घर है, उसमें उसका अधिकार होना चाहिये। मैं माननीय मंत्री जी से कुछ सामान्य प्रश्न करना चाहूंगी जैसे उत्तराधिकार के लिए पूरे देश में एक स्टेंडर्डाइज्ड सिस्टम होना चाहिये।

समानता के लिए शिक्षा का प्रसार और मानसिकता में परिवर्तन होना चाहिए। अभी उस दिन शुक्रवार को एक चर्चा के बाद मैं जब बाहर निकली तो मेरे एक कुलीग ने कहा कि आपने बहुत अच्छा बोला था। मेरी दो बेटियां हैं। जब मेरी दूसरी बेटी हुई तो लेडी डाक्टर ने आकर बाहर मुझसे पूछा कि आपकी पहली संतान क्या है। जब मैंने कहा कि बेटी है तो लेडी डाक्टर ने कहा देन, आई एम वेरी सारी। जिस देश में महिला के पैदा होने पर महिला खुशी नहीं मना सकती, वहां केवल कानून बनाने से कुछ नहीं होगा। वहां पूर्ण जागृति के लिए प्रयास

करना होगा। उन्हें सक्षम करने के लिए पूरी तरह सामाजिक चेतना लाने की जरूरत होगी।

एच०आर०डी० मिनिस्टर साहब यहां है। शिक्षा उनका अपना भी विषय रहा है। आप हमारी जो प्राथमिक पुस्तकें हैं उनको उठाकर देख लीजिए। जो तस्वीरें बनी रहती है कंसेप्ट के लिए जैसे सिलाई, वहां एक लड़की का चित्र होता है। जैसे खेलना, वहां एक लड़के का चित्र होता है। जैसे कपड़े धोना, धुलाई, वहां एक स्त्री का चित्र होता है। जहां लिखना-पढ़ना होता है वहां एक लड़के का चित्र होता है। यह आरंभ से जो मानसिकता बन जाती है यह काम लड़कों के लिए, यह काम लड़कियों के लिए है उस मानसिकता को परिवर्तित करने की जरूरत है।

उपसभाध्यक्ष (श्री सनातन बिसि): मैडम, क्वेश्चन कीजिए।

श्रीमती चन्द्रकला पांडेय: क्या हम शिक्षा विभाग से यह मांग नहीं कर सकते हैं कि हमारी जो प्राथमिक पुस्तकें हैं जिनमें इस प्रकार का लिंग वैमम्य है उसको दूर करने के लिए नयी पुस्तकें बनायी जाएं? हिन्दी का जहां तक सवाल है वहां बड़ी संख्या में श्रमजीवी, एग्रीकल्चरल वर्कर्स जुड़े हुए हैं। किसान का जो कर्म है उसमें महिलाएं केवल हल चलाना छोड़कर सारे काम करती हैं। फिर भी बड़े दुख की बात है—मैं हिन्दी की प्रोफेसर हूं—कि हिन्दी में किसान शब्द का स्त्रीलिंग नहीं है। "किसानिन" शब्द नहीं है। किसानिन है ही नहीं। अब हम उसको काइन्ड-टर्मिनालाजी के रूप में पश्चिम बंगाल में जबर्दस्ती सिखा रहे हैं कि किसान का स्त्रीलिंग होना चाहिए "किसानिन"। अन्य भाषाओं में है लेकिन हिन्दी में नहीं है। वह कृषक-बधू है, वह कृषक-पत्नी है, वह कृषक-पुत्री है लेकिन वह किसानिन नहीं है। ऐसा क्यों न हो? क्यों न हम शब्दकोष में यह शब्द भी जोड़े। यह भी एक इक्वल राइट है। क्यों नहीं महिला को भी उसका वह उचित शब्द मिले जिसकी वह हकदार है?

मैं एक और प्वाइंट यहां पर उठाना चाहती हूं। बर्थ रजिस्ट्रेशन में आजकल माता-पिता दोनों का नाम होता है। लेकिन जो जनरल एक फार्म होता है, उसमें "पिता का नाम" कालम है वहां स्वर्गीय पिता का नाम लिखा जाता है लेकिन जीवित माता का नाम नहीं लिखा जाता है। लेट सो एण्ड सो। यह प्रश्न मुझसे बहुत लोगों ने किया कि मेरी मां जीवित है लेकिन मैं उसका नाम नहीं लिख सकता क्योंकि कानून ऐसा प्रावधान नहीं करता। मेरे पिता मर चुके हैं लेकिन मुझे वह लिखना पड़ेगा क्योंकि स्वर्गीय पिता का ही प्रावधान है।

THE VICE CHAIRMAN: That's all, Madam.

श्रीमती चन्द्रकला पांडेय: बस खत्म कर रही हूं मैं।

मेरा अंतिम प्वाइंट है यह। बैंक में ज्वाइंट एकाउंट— उसमें क्योंकि पत्नी भी पूरी तरह हकदार होती है, वह घर का काम करती है इसलिए ही पति उतनी सम्पत्ति अर्जित कर पाता है तो बैंक में ज्वाइंट एकाउंट होना चाहिए।

पति की मृत्यु के बाद, अगर दो बच्चे है और पत्नी है तो तीनों को इक्वल प्रापर्टी मिलती है। मैं यह मांग करना चाहूंगी कि पत्नी को आधा मिले और बच्चों को बराबर-बराबर बांट दिया जाए।

धन्यवाद।

SHRI JOHN F. FERNANDES: Sir, the hon. Member has raised one point about mother's name not being included. The Committee on Subordinate Legislation of Rajya Sabha has given a direction to the Government to rectify this anomaly.

SHRI N. THALAVAI SUNDARAM (Tamil Nadu): Sir, it is a very sensitive issue. The hon. Member, Shri Kapil Sibal, clearly mentioned that woman is not entitled for immovable property. Everyday we are fighting for human rights in our country. How are we going to solve this problem? There is a need for amending the law. The hon. learned member has clearly mentioned that a lot of cases are pending in the Supreme Court and other Courts. How are we going to settled this matter? We have not been able to introduce the Women's Reservation Bill. I am not accusing any Member of this House. Now there is a lot of criticism in the Press and other areas regarding this. I am not mentioning this point. My point is different. I am very proud that the leaders of my party is a woman. We all know how she was treated. We know how women are cheated on propterty rights and other rights. A simple question is whether a woman is entitled to the property of her husband or to the property of her father. A committee was formed last year called

the Committee on Empowerment of Women. The Committee visited several places. It also madea a study regarding percentage of women in State Government and Central Government Departments. As far as property is coincerned, how it is going to be settled in the question. The property may be an ancestral property or it may be an inherited property. There is a distinction of property under the Hindu Law. How are we going to amend this law? I would like the hon. Minister to set up a Committee to amend this law.

SHRI R. MARGABANDU (Tamil Nadu): Sir, the Right to Women's Property commenced from 1937. Earlier the right conferred on women was for non-agricultural properties. Then it was extended to agricultural properties in the year 1947. Then in the year 1956, the Hindu Succession Act came into existence. In 1988, the Right to Women's Property was amended. From this, four points arise. In 1949, the bigamy Prevention Act was passed. Prior to 1949, a man could have more than one wife. But after this Act came into effect, a man could have only one wife. Hindu Marriage Act, 1955 was amended in 1976. It said that if one begets a child from the second marriage after 1949 even the so-called illegitimate child is entitled to have a share in the property of his father. But the woman who gave birth to that illegitimae child is not entitled to any share in the husband's property or even entitled to maintenance. So, an illegitimate child is recognised for the purpose of getting a share in the property but not a woman. So, the right has been extended only to illegitimate children. This anomaly has to be looked into. My second point is, in the case of dwelling houses, I personally appeared for a case which went up to the High Court but it failed there. I appeared for a case in respect of partition of a dwelling house in favour of the sister. She failed upto the High Court. This is the greatest injustice to a woman. Section 23 of the Hinbdu Law says: "The right to any female heir to claim partition of the dwelling house shall not arise until the male heirs chose to divide their respective shares." So, the female heirs are put to the will and wish of the male heirs until they decide to give any share to the female heirs. The female is not entitled for partition.

When the right to property is given in respect of immovable property, the same right is to be given in the case of dwelling houses also. Our friend, Shri Kapil Sibal, said that unmarried daughters, widows, etc. can reside there. He has expressed that difficulty. But my contention is, when a woman is given the right to property, in respect of dwelling houses and other immovable property, why should there be that restriction? If a woman, a sister, a daughter, has no house to reside anywhere else and the brothers don't want to divide the property consistently, where does she go? She is sent out and she has no house to reside. That was exactly the case that I fought from the District Court right up to the High Court. She failed. A great injustice was done. So, that section 23 requires an amendment.

So far as a woman's property is concerned, Sir, she cannot execute settlement in respect of her property. She can will her property, but there is some difficulty about the ancestral property there. Then there is one other legal position. If a woman possessing property died prior to 15.6.1956, when the Hindu Succession Act came into force, then her property goes only to her daughters. The sons are not entitled to have any share in that property. In that sense, a great injustice has been done to males also. That position is still there. That has to be remedied. When the Hindu Succession Act has come into force, giving equal rights to sons and daughters, then in the property of a mother, who died prior to 1956, the sons should also be entitled to get an equal share in the property. Then, the right of pre-emption is given only to the male members of a family. So, if the brothers want to sell the property, they

552 RS

have got the right of pre-emption to purchase the property of the brothers. But that right is not given to women. Then, if a lady goes to the court of law and gets a decree for partition, she is not able to execute that decree, she is not able to go near that property. When a lady files a suit against a brother or husband's brother or something like that, she gets a division in the court and the final decree is also passed, the possession is also given. But these are all only on paper. The final decree, the allotment of property, the possession, everything is on paper. If she goes near the property, she is driven away. She is not able to enter the house or land but she is driven away. When she approaches the Police, the Police say that it is a civil matter and that they are not prepared to get into that. This was also one of the cases that I fought on behalf of a widow. The case went on for about twenty years. It was dragged from one court to the other. Finally, that lady got the decree, but when she went near the property, she was beaten and driven out. She was not able to take the possession. This is the plight of women so far as the property right is concerned. Please see to it that all these things are rectified.

SHRI O. RAJAGOPAL (Madhya Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, listening to the debate I thought I should bring to the notice of the House one or two aspects which have not been mentioned by many of our friends. One point is that we have various types of laws governing the rights of women. There was a mention about the system available in Bengal. There was a mention about the Mitakshara law.

I would like to draw the attention of the House to a peculiar system that was prevalent in kerala before this 1956 enactment came into being. Before that, there was a system called *Marumakatayam*, the matriarchal system, under which the right of property was vested only with women. Only they had the right. Male children or their progeny did not have that right. The whole property belonged to women only. Probably because of that system, which was prevalent for a long number of years not only among the Hindus, but it was adopted, it was practised and made use of by people belonging to the Muslim community also, who were following the same system, it benefited them to some extent. But, after 96, the whole system has been repealed. There are certain positive aspects by which women got rights. There is stability in the society and I think they have some real positions in the society. It is a positive aspect. We should consider how to implement that positive aspect in the modern context. This is my point number one.

Sir, it has already been mentioned that after 1956 enactment, the benefit of this enactment is not available for the Muslim and Christian women. After all, the Christian women have been carrying on agitation in Kerala that after marriage they are not entitled to property of their fathers. They are denied it. A big agitation is going on. I believe, all women should be given these rights, irrespective of the fact whether they are Hindus or Muslims or Christians. All of them should be entitled to get equal rights. As per the Mohammadan law, as I understand, Muslim women are not treated equally. What I submit is, after coming into being of the Constitution, in this modern context, we must have a legislation by which women belonging to all communities should enjoy it. The example of Goa is worth emulating. If a common civil code; if that expression creates some apprehensions in the minds of some people, one Member mentioned about common standardarised system. The Goa example shows that if we adopt that system, it doesn't create any problem regarding religion. They can continue to enjoy their religious rights, but social stability could also be achieved. I think the Government should seriously consider this aspect so that constitutional provision for having a common civil code can be seriously taken up.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, I feel, the subject which we are discussing now has been very important throughout this session. My learned friend Shri O. Rajagopal emphasised one important practice which has been prevalent in Kerala. More or less, he has pre-empted my point. In Kerala, there is *marumakkathayam* which means property goes only to women. But, what I say is, we should not go with the property aspect alone. The property aspect alone is *not* the problem. This problem is co-existing with other problems. We have to go through the mindset of our people.

Sir as you know, I hail from the Dravidian Movement. In 1929, at Chengalpattu a conference was held. In that conference, we passed a resolution for equal property rights for women. In 1989, the Government of Tamil Nadu passed an act for giving equal property rights to women. From 1989, the women living in our State are enjoying equal rights.

Sir, the *Devadasi* Abolition Act in important in the annals of the history of Tamil Nadu. In the name of *devadasi* women were treated like a vessel from which they came out now If I don't mention the name of Dr. Muthulakshmi Reddy here, I will be failing in my duty. She had actually sponsored that particular act. The so-called upper caste people completely opposed that act. They said that if there was no *devadasi*, then the family women would become prostitutes.

7.00 P.M.

So, they argued like this. In order to win that battle we enacted a law. With regard to employment opportunities for women, I would like to say that in our State we have a legislation that in the field of elementary education only women would be appointed. But, even this matter went before the court. Apart from that, what we have done is that if a girl has studied 8th Class and is living below the poverty line, the Government gives Rs. 10,000 as marriage-aid. In this financial year, they have allocated money for about 60,000 marriages. But, all these things are not going to solve the problem. ...*(Interruptions)*...

SHRI JOHN F. FERNANDES: They are giving only doles. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): Shri Fernandes is asking about their property rights. ...*(Interruptions)*...

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: When I am giving my view-point they should not interrupt like this. ...*(Interruptions)*... But, all these things are not going to solve the problem which we are facing now. Sir, I told something about the mindset. I am not using this word in a vague manner. Suppose a woman is pregnant, they want to know whether it is a male child or a female child. If it is a girl child they abort it. So, abortions are taking place just because they are going to have a female child. Secondly, with regard to school drop out, I would like to say that the percentage of girls drop-out is more than the boys. We have to find out the reasons for this. With regard to dowry I would say that previously the bridegroom used to give dowry to the bride's house. But, now it has changed. Whenver there is any demand for dowry, it clearly shows that there is a degradation in our culture. When I talk of dowry system, you may say as to why I am mentioning all these things. I feel that all these things are connected with each other. As a result of this dowry system, there is a cultural degradation in the society...*(Time-bell rings)*... Please give me some more time.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): What are your questions....*(Interruptions)*...

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: Sir, due to dowry system, it is very difficult to find suitable persons for marrying off the girls. So, this is the society in which we are living. But, at the same time, I feel that there is some reformation taking place. For example, in our

State when a woman became widow, she had to wear a white *saree*. But, now it is not so for the last three decades. Now if a coloured *saree* is offered to a widow, it is not objected to by the family. Some reforma.tion has taken place due to the efforts of Phule and Periyar. So, what I want to say is that only property right will not solve this problem. We have to change our mindset also. One year before in a rape case which was published in the newspapers...(*Interruptions*)...I think he is opposing it....(*Interruptions*)...

SHRI KAPIL SIBAL: Sir, this is not the subject matter of discussion....(*Interruptions*)...

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: He is opposing it....(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): He is not opposing it....(*Interruptions*)...

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: The accused in this rape case belonged to an upper caste. ...(*Interruptions*)... The judgement has come....(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): But, this is not the issue here....(*Interruptions*)... You are telling something different....(*Interruptions*)... Mr. Virumbi, please put your questions straight...(*Interruptions*)...

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: Please give me some more time....(*Interruptions*)... Other Members have taken more time....(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): Here the point is very limited....(*Interruptions*)...

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: Sir, I know that....(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): What is your question?....(*Interruptions*)...

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: Sir, only by amending the law, we are not going to solve this problem. We have to give economic independence to womenfolk. The economic independence of women is very necessary.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): That is all.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: We cannot achieve what we want to achieve....(*Interruptions*)... Only by legislation we cannot achieve what we want to achieve. Therefore, I feel that when we talk of property rights for women, we have to change our mindset also. For that purpose, we have to achieve economic independence for women. I hope the hon. Minister will take into consideration the points submitted by me. With these words, I conclude. But, I am not satisfied with my speech....(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): What more do you want to say? ....(*Interruptions*)... You have already stated all your points.

डा० मुरली मनोहर जोशी: उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे सभी सम्मानित सदस्यों के विचारों को सुनने का और फिर एक साथ उन सब पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करने का अवसर दिया। मैं सदन का भी आभारी हूं कि उन्होंने अपनी सामान्य प्रक्रिया से हटकर मुझे यह एक अवसर प्रदान किया। मैंने यह अनुरोध इसलिए किया था क्योंकि यह विषय बहुत गंभीर है। वैसे मेरे मंत्रालय का काम महिला एवं बाल कल्याण और विकास का है। उनसे संबंधित कानूनों को बनाने का काम और विशेषकर जहां तक इनहेरिटेंस का सवाल है, जहां तक अन्य ऐसे प्रश्नों का प्रश्न है जिसमें उत्तराधिकार है, सक्सेशन है, प्रोपर्टी राइट्स है, प्रोपर्टी है, लैंड है यह सारे प्रश्न सीधे हमारे मंत्रालय से जुड़े नहीं है। लेकिन फिर भी क्योंकि महिला कल्याण और महिला का विकास यह हमारे विभाग से संबंधित है इसलिए कोई भी ऐसा प्रश्न जो महिलाओं के विकास से संबंधित हो उस पर विचार करना और अपने मंत्रालय की तरफ से जो कुछ सहयोग उसमें दिया जा सकता है देना वह हमारा काम है, हमारा कर्तव्य है। इसमें कोई शक नहीं है कि हमारे देश में सम्पत्ति के मामले में महिलाओं के साथ भेदभाव है। सारा देश इस बात को मानता है और जानता है। भेदभाव का निवारण करने की चेष्टाएं की जा रही है और कोई भी सभ्य समाज, प्रगतिशील समाज इस लिंग वैषम्य को, इस भेदभाव को सहन नहीं कर सकता। लेकिन कुछ सामाजिक परिस्थितियां और कुछ सामाजिक

दबाव हो जाते हैं वह भी अपना काम करते हैं। अभी हमने देखा कि महिलाओं की दृष्टि से उनको संसद और विधायिकों में आरक्षण देने का प्रश्न उठा। एक मत उस आरक्षण को तत्काल प्रदान करने का है, उसकी मात्रा 33 प्रतिशत अवश्य हो इस पर, दूसरा मत उससे भिन्न है और आपने देखा कि उस कानून को बनाने में जो कि शायद एक प्रकार से संविधान के हुए पुराने संशोधन के बाद अनिवार्य सा हो गया है क्योंकि हमने ग्राम पंचायतों में, पंचायती राज्य में और नगरपालिकाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण स्वीकार कर लिया तो उसकी एक स्वाभाविक निष्पत्ति थी कि आगे विधान सभाओं में और संसद में भी यह आरक्षण बढ़े। लेकिन आज 20वीं शताब्दी के अंत में और आने वाली शताब्दी के प्रारम्भ में इसी संसद के सम्मानित सदस्यों ने ऐसे महत्वपूर्ण प्रश्न पर भी एक मत होकर उसको अभी स्वीकार नहीं किया है। इसलिए इस महत्वपूर्ण प्रश्न पर एक सामाजिक आम सहमति बनाने की जरूरत है। मैं उस सहमति बनाने से सहमत हूं और मैं चाहता हूं कि वह सहमति जल्दी से जल्दी बने। जैसा कि हमारे न्यायविद् श्री मिश्र जी ने उल्लेख किया और बाद में हमारे उतने ही न्यायविद् श्री सिब्बल जी ने उल्लेख किया कि कानूनों के साथ-साथ सामाजिक प्रक्रिया का होना बहुत आवश्यक है। कुछ चीजे आज कानून में ऐसी है जो एक हाथ से दी गई है और जिसका उल्लेख किया गया कि वह दूसरे हाथ से ले ली गई। भूमि के बारे में जो कानून है उसका भी उल्लेख किया गया। मैं सभी सम्मानित सदस्यों के विचारों को बहुत ध्यान से सुन रहा था। मैं संक्षेप में उनके सारे जो समान बिन्दु है उनका एक साथ उत्तर दूंगा। जो किसी का विशेष प्रश्न है उसके बारे में अलग से टिप्पणी कर दूंगा। इस बात में कोई शक नहीं है कि सम्पत्ति के और उत्तराधिकार के कानून इन ऐतिहासिक प्रक्रिया में से आए हैं। सम्पत्ति क्या है और क्या नहीं है इसकी परिभाषाएं बदलती रही है। एक जमाने में मनुष्य सम्पत्ति था जिसको सलेब्ज कहते हैं। वह पद्धति चालू थी और मनुष्य बेचा जाता था। आज मनुष्य को कोई सम्पत्ति नहीं मान सकता। किसी समय स्त्री को भी सम्पत्ति माना जाता था। आज कोई स्त्री को सम्पत्ति नहीं मानता। सो सामाजिक प्रक्रिया में विकास एक क्रम में चल रहा है। वह बात दूसरी है कि वह विकास का क्रम कभी धीमा होता है, कभी तेज होता है। आज शायद जितनी तेजी से हम उसको चाहते हैं बहुत से हमारे समाज के वर्ग अभी उतनी तेजी से विकास की प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सके हैं। कुछ सरकारें अधिक कुछ सरकारें उस मामले में मध्यम हैं। प्रश्न उठाया गया कि हिंदू सक्सेशन एक्ट को सुधारने के लिए केन्द्र सरकार ने ही क्यों नहीं कदम उठाए? राज्यों को क्यों नहीं कहा गया? श्रीमती भारती ने कहा कि राज्यों को क्यों कहा गया? सवाल यह है कि भूमि संबंधी जितने कानून है, टेनेंसी संबंधी जितने कानून है, इन कानूनों का सीधा संबंध राज्य सरकारों से है और हर राज्य सरकार के भूमि संबंधी कानून अलग-अलग है। इसलिए जब कभी इस उत्तराधिकार कानून में संशोधन होगा और भूमि संबंधी कानून में संशोधन होगा जो कि इस उत्तराधिकार नियम 1956 में अलग रखा गया है तो उसमें राज्य सरकारों को भी सहमत होना पड़ेगा, उन्हीं की तरफ से कानून आएंगे और मुझे खुशी है कि कुछ राज्य सरकारों ने उसमें संशोधन किया है जैसा कि वीणा जी ने बताया है। आंध्र ने किया, मध्य प्रदेश ने किया है। कुछ हद तक वे संशोधन आगे बढ़े हैं और उन्होंने महिलाओं को सम्पत्ति में अधिकार एक हद तक दिया है लेकिन उसका एक दूसरा पहलू भी है जिस पर विचार करना पड़ता है। जब हम महिला को सम्पत्ति में अधिकार देते हैं तो सम्पत्ति के अधिकार की सुरक्षा भी वह कर सके, इतना सक्षम उसको होना चाहिए। नहीं तो अभी एक उल्लेख किया गया कि एक बहन को इसलिए जला दिया गया या उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया क्योंकि वह सम्पत्ति में अपना अधिकार मांगना चाहती थी। ऐसे मामले आए हैं और इसलिए हमें इस बात का भी ध्यान देना चाहिए कि जब हम कानून बनाएं तो इस बात की भी व्यवस्था करें कि महिलाओं को वास्तव में उनका अधिकार मिल सके और वह केवल कागज़ पर न रहे।

यह भी कहा गया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक अध्ययन हुआ है। श्रीमती पटेल ने यह सवाल उठाया था कि उस अध्ययन में यह बात कही गई कि यद्यपि विश्व की 10 प्रतिशत सम्पत्ति की अधिकारिणी महिलाएं हैं लेकिन उसका 1/100 हिस्सा ही उनके वास्तविक अधिकार में आता है। तो क्या भारत में कोई ऐसा आकलन हो सकता है या हुआ है? अब पिछले चार महीनों में तो यह आकलन करना संभव नहीं था। उसके पहले यह आकलन होना चाहिए था, नहीं हो सका लेकिन हमने जो जनगणना के पंजीकरण हैं, रजिस्ट्रार ऑफ सेन्सस हैं, उनसे यह पूछा है कि क्या आने वाले सेन्सस में महिलाओं की सम्पत्ति संबंधी जानकारी का भी कोई प्रबंध किया जा सकता है? उसमें जितने कॉलम बनते हैं, क्या उसमें यह जानकारी भी इकट्ठा की जा सकती है? क्योंकि इसका आकलन करना तो मेरे विभाग के लिए बिल्कुल संभव नहीं है लेकिन अगर इसकी जानकारी का उपयोग हम इस बात के लिए करना चाहते हैं कि महिलाओं का सम्पत्ति संबंधी स्टेट्स क्या है तो फिर

रजिस्ट्रार ऑफ सेन्सस को हमने यह सुझाव दिया है, इसका उनको निर्णय करना होगा कि वे इस काम को कैसे कर सकते हैं? अभी दो-तीन वर्ष का समय है अगले सेन्सस की तैयारी में और अगर जनगणना में यह काम हो सकेगा तो मुझे खुशी होगी।

तीसरी बात यह है कि यह कहा गया है कि जब तक महिला अपने पांवों पर खड़ी नहीं होती, तब तक उसके व्यक्तित्व का विकास नहीं होगा। सम्पत्ति का अधिकार उसे मिले, उसके अनेक पहलू हैं, उसकी चर्चा हम करेंगे लेकिन महिला को एम्पावर करना और उसको शक्तिशाली बनाना, हमारे मंत्रालय की तरफ से यह विशेष काम होता है और उसकी तरफ हमारी ज्यादा रूचि है। आपको मालूम है कि हमने महिलाओं की शिक्षा को बी०ए० कक्षा तक निशुल्क करने का और परिगणित जाति और जनजातियों की महिलाओं की शिक्षा को प्रोफेशनल कोर्सेज में भी निशुल्क करने का फैसला किया है। उसके लिए सौ करोड़ रुपए की राशि भी इस साल आबंटित की गई है और हम यह समझते हैं कि धीर-धीरे राज्य सरकारों की मदद से हम इस हद तक पहुंचेगे कि सभी महिलाओं की शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा के अंदर भी हम उन्हें पूर्ण रूप से निशुल्क करके दे सकें। इसका कारण यह है कि हम यह चाहते है कि कोई परिवार यह न कह सके कि हम केवल अपने लड़के को पढ़ाएंगे क्योंकि हमारी आर्थिक स्थिति कमज़ोर है। हम लड़की को नहीं पढ़ा सकते क्योंकि सामान्य तौर पर जो सामाजिक परंपराएं हैं, उसमें जैसा आपने बताया कि लड़का ही वंश चलाता है लेकिन उसके साथ-साथ वह अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए भी अभी तक एक ज्यादा उपयोगी व्यक्ति माना जाता है। इसलिए कहा जाता है कि लड़के को पढ़ाएंगे, लड़की को पढ़ाने में खर्चा ज्यादा होगा, हम खर्च बरदाश्त नहीं कर सकते हैं इसलिए लड़के को पढ़ाओ, लड़की को मत पढ़ाओं। तो हमने कहा कि ठीक है, लड़की की पढ़ाई कि जिम्मेदारी बी०ए० तक हम लेते हैं। इस दृष्टि से वह सक्षम होगी, उसमें चेतना होगी, वह अपने व्यक्तित्व को समझेगी, वह दुनिया के अंदर होने वाले परिवर्तनों को समझेगी और इस तरह से वह एक आत्मसम्मान से युक्त और कम से कम आत्मविश्वास के साथ-साथ कुछ उपयोगी, आर्थिक दृष्टि से उपयोगी महिला बन सकेगी। मैं तकनीकी शिक्षा को भी देखता हूं मैं आपको सूचित करना चाहता हूं कि महिला के पोलीटैक्नीक खोलने की हमने योजना बनायी है जिसमें महिलाएं व्यावसायिक शिक्षा की सीख सकें और अपने पांव पर खड़ी हो सकें, ए और योजना भी हम महिलाओं को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाने के लिए विचार कर रहे हैं जिससे उसके प्रसव के समय भी उसके साथ कोई भेदभाव न हो और उसको जन्म देने वाली मां, बच्चा तथा आगे उसके जीवन में उसकी पढ़ाई-लिखाई, उसके विवाह तक खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में और गरीब क्षेत्रों में एक ऐसी सुनिश्चित व्यवस्था कर दी जाए। जिससे लड़की बोझ न मानी जाए. आज यह समझा जाता है कि इसके तो विवाह में खर्च होगा, इसके लिए इतने प्रकार के साधन हमें जुटाने पड़ेगे. तो हमारी कोशिश है कि शासन इस बात पर ध्यान दें और इस तरह की योजनाएं बनाए जितने भी केन्द्रीय सरकार के पास आज आर्थिक साधन है, उसके अंतर्गत हम पूरी ईमानदारी के साथ यह व्यवस्था करना चाहते हैं कि महिला सक्षम हो, जन्म से ही सक्षम हो और ऐसी व्यवस्था बने कि उसको जन्म देने वाली मां और उसकी पढ़ाई-लिखाई और आगे चलकर 18 वर्ष की आयु तक जब वह विवाह योग्य होती है, तब तक के लिए उसका प्रबंध हो और उसके बाद भी अगर वह आत्मनिर्भर होनी चाहती है तो उसके पास कोई न कोई गारंटी, आर्थिक गारंटी उसको मिले कि अगर वह अपने पांव पर खड़े होकर सक्षमता के साथ कुछ करना चाहती है तो वह कर सके. ऐसी योजनाएं भी हमारे पास विचाराधीन है

श्रीमती वीणा वर्मा: अगर आप मुझे जरा समय दें तो मैं यह कहना चाहती हूं कि कि पति जब जबर्दस्ती अपनी पत्नी का अबॉशन...**(व्यवधान)**...

डा० मुरली मनोहर जोशी: अभी मैं दूसरी बात कर रहा हूं अभी तो मैं उस पर आया नहीं हूं

श्रीमती वीणा वर्मा: पति जब दबर्दस्ती पंहले से अल्ट्रासाउंड के जरिए जान लेता है कि वह लड़की है और अबार्शन करवा देता है तो ऐसे में क्या उसे मृत्युदंड देंगे ताकि...**(व्यवधान)**..

डा० मुरली मनोहर जोशी: वह तो गलत है, हम उसका विरोध कर चुके हैं, मैं नहीं समझ पा रहा कि आज तक उस पर क्यों नहीं कानून बनवाया गया. हम इससे सहमत हैं कि यह नहीं होना चाहिए...**(व्यवधान)**..

श्रीमती वीणा वर्मा: अबार्शन के संबंध में एक प्राइवेट मैंबर बिल भी लायी थी।

SHRI JOHN F. FERNANDES: I think we are deviating from the topic. These are legal issues and these should be replied to by the hon. Law Minister.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): That you have told.

SHRI JOHN F. FERNANDES: Sir, we are deviating from the main issue *(Interruption)*. It has nothing to do with what we are discussing. *(Interruption)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): We are not deviating. Mr. Fernandes, just a minute. Since his Ministry is

डा० मुरली मनोहर जोशी: और जो कुछ महिलाओं के विकास के लिए सहायक है—उसमें प्रापर्टी राइट्स है। इस पर इसलिए हम विचार करते हैं क्योंकि वह महिलाओं के विकास के लिए, राष्ट्र में उनके स्थान के लिए आवश्यक है। लेकिन वह किस ढंग से लाया जाए, उसमें सदन के सुझाव हम कानून मंत्रालय को देंगे, प्रसारित करेंगे क्योंकि यह कानून उनके द्वारा आने वाले हैं—खास तौर पर इनहैरीटैंस और सकसैशन के कानून उनकी जद में आते हैं। मैं इसलिए कह रहा हूं कि आप जब यह कहती है कि प्रापर्टी राइट्स महिलाओं की दृष्टि से, उनके विकास की दृष्टि से आवश्यक हैं, उस हद तक हम उस पर अपनी टिप्पणियां देते हैं। मैंने जैसे बताया कि हमने कहा कि सन् 2001 की इस जनगणना में हम जनगणना विभाग से कहेंगे। हम तो जनगणना नहीं करवा सकते हैं...**(व्यवधान)**...

श्रीमती वीणा वर्मा: महिला आयोग की सिफारिशें...**(व्यवधान)**...

डा० मुरली मनोहर जोशी: महिला आयोग की सिफारिशें भी हम संबंधित मंत्रालयों को भेजते हैं। हमारे मंत्रालय का कार्य महिला विकास के बारे में देश का, सरकारों का ध्यान आकर्षित करना और जो सुझाव हमारे पास डिस्टिल होकर आते हैं। उन्हें विभिन्न मंत्रालयों तक पहुंचाना है। जो हमारे मंत्रालय से संबंधित हैं, उनका कार्यान्वयन हमारे पास आएंगी—कानूनी हों अथवा आर्थिक हों या शिक्षा से संबंधित हों, वह सब हमारे पास आती हैं। जो हमारे विभाग की हैं, उन्हें हम स्वयं देखते हैं और जो हमसे संबंधित नहीं है उन्हें संबंधित विभाग को भेज देते हैं। इसलिए हम उसके बारे में पूरी चिन्ता करते हैं। अभी जैसे कोई प्रश्न हमारे पास महिलाओं के उत्पीड़न के बारे में आता है तो हम उत्पीड़न का निराकरण तो नहीं कर सकते लेकिन उस उत्पीड़न की जो जानकारी है और उसके कारण जो महिलाओं पर आघात होता है, उसकी हम चेतना उधर देते हैं, उनको जानकारी देते हैं और कहते हैं कि इसको ठीक करो। मैं एक छोटा सा उदाहरण देता हूं जैसे बच्चों का विकास हमारे पास है। बच्चे दुर्घटना में मरते हैं। हम निवारण नहीं कर सकते लेकिन हम गृह मंत्रालय को, सबको सूचित करते है कि आप ऐसा करें। इसलिए जब हमारे पास सवाल आया कि महिलाओं के पास सम्पत्ति में अधिकार बहुत से राज्यों में नहीं है, भूमि में नहीं है तो हमने राज्य सरकारों को सलाह दी कि आप इसमें परिवर्तन कीजिए और ऐसे जितने भी काम हमारे पास आते है, हम उन सब मंत्रालयों को सलाह देंगे और करते रहेंगे।

PROF. (SHRIMATI) BHARATI RAY: Sir, may I just interrupt for a minute? *(Interruptions)* The responsibility in regard to the development of women is with the Ministry of Human Resource Development. If there is anything that concerns the Home Ministry or the Law Ministry...

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: We transmit them.

PROF. (SHRIMATI) BHARATI RAY: Can't the Ministry of Human Resource Development co-ordinate with other Ministries and give us the answer?

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: We transmit them. We also hold inter-ministerial meetings. We do take it up. But the job of processing these things lies with them. For example, we had written to the Ministry of Home Affairs about the Census.

PROF. (SHRIMATI) BHARATI RAY: If you can also tell us...

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: We are saying it.

PROF. (SHRIMATI) BHARATI RAY: As the HRD Ministry is in overall charge of this, if you can tell us about the issues regarding women that would be very helpful.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: We always do it. We transmit these things. We hold meetings. We do meet. But the function of bringing forward a suitable legislation, or, taking suitable measures, lies with them.

I would be happy if this matter is also with me. But it is not with me. I can only help to a certain extent in this. But

believe me. From the side of the Department of Women and Child Development, there would be nothing lacking in helping any activity, any economic or social activity, to uplift the status of women and to give them their pride of place in the society as a individual, as a dignified individual, and as an equal partner in the development of the country; not only in this country, but as a harbinger of world peace as well. I have my ideas about the drole of women in international affairs. But that is not the subject-matter today.

इसमें कोई शक नहीं है कि जो लोगों का मानस है माइंडसेट जिसका जिक्र किया गया, उसको बदलना बहुत जरुरी है। जब तक वह माइंडसेट नहीं बदलेगा तब तक कानून बनाने के बावजूद भी उसका क्रियान्वयन नहीं होगा। हमारी डाइरेक्शन्स हैं और सरकार की तरफ से हिदायत है कि जब भी कभी ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त भूमि का आबंटन किया जाए तो कम से कम 40 प्रतिशत पट्टे सिर्फ महिलाओं को दिए जाने चाहिएं और बाकी पट्टे संयुक्त होने चाहिएं, ज्वाइंट होने चाहिएं। लेकिन चार-पांच राज्यों के अलावा बाकी राज्यों ने अभी उस पर आचरण नहीं किया है। यह परिस्थिति है। इसमें हम बार-बार उनको लिखते हैं, बताते हैं, हर बार याद दिलाते हैं, मंत्रियों की बैठक में कहते हैं और कहते रहेंगे। जब तक इस परिस्थिति का ठीक ढंग से निवारण न हो जाये। अभी चन्द्रकला पांडेय जी ने इस बात की तरफ ध्यान दिलाया कि जो बच्चों की छोटी पुस्तकें हैं उसमें सिलाई की मशीन में लड़की की तस्वीर होती है और खेल के मैदान में लड़के की तस्वीर होती है। मगर ये पाठ्यपुस्तकें राज्य सरकारों के निर्देश में लिखी जाती हैं। आपने ध्यान दिलाया है अगर आप हमें वह पाठ्यपुस्तक दे देंगी तो हम राज्य सरकार का ध्यान उसकी तरफ दिलायेंगे और उनसे कहेंगे कि यह लिंग वैषम्य इसमें नहीं होना चाहिए। ...(व्यवधान)...

श्रीमती चन्द्रकला पांडेय: ऐसा एनसीआरटी की पुस्तक में है। उनको तो आप कम से कम निर्देश दे सकते हैं। ...(व्यवधान)...

डा० मुरली मनोहर जोशी: अगर उसमें होता तो उसको भी ठीक करायेंगे, लेकिन एनसीआरटी की पुस्तकें सारे देश में नहीं चलती हैं। आप मुझे यह बतायें कि किस पुस्तक में ऐसा है तो मैं जरूर उसे ठीक कराऊंगा। आप हमें ऐसा कोई भी उल्लेख दिखाएं जिसमें पुरुष और महिला का भेद किसी भी प्रकार से इंगित होता है कि जो विषमता उसके कारण से दिखाई जा रही है। क्योंकि दर्जी का काम बाजार में जितने जयादा पुरुष आज करते हैं उतनी महिलाएं तो नहीं करती हैं। इसलिए सिलाई से केवल महिला को जोड़ना यह उचित नहीं है। मैं इसको मानता हूं, लेकिन अगर आप हमारा ध्यान दिलायेंगे तो हम उसको जरूर ठीक करेंगे। अगर ऐसा कोई भी उल्लेख सामने आएगा, मैं स्वागत करूंगा और हमारा विभाग उस पर त्वरित कार्रवाई करेगा।

यह जो कम्युनिटी प्रापर्टी का उल्लेख किया गया है। कम्युनिटी प्रापर्टी को किस तरह से हम आज की परिस्थिति में अपने देश में इसको कैसे लायें। यह एक बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है। प्रश्न यह उठता है कि विवाह के पूर्व महिला की सम्पत्ति पुरुष की सम्पत्ति, विवाह के बाद इन दोनों की सम्पत्ति, क्या महिला की जो विवाह पूर्व सम्पत्ति है उसमें भी पुरुष का अधिकार होगा? उसके कारण क्या कठिनाइयां पैदा होंगी? उस पर भी हमें विचार करना पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि की सीलिंग है उस पर उसका क्या प्रभाव पड़ेगा? कृषि मंत्रालय से हम बार-बार बात करते हैं वह भी शामिल होता है इसी दृष्टि से कि इसकी सीलिंग कहां तक की जाए, इस पर प्रगमेंटेशन कहां तक हो और उसका परिणाम महिला पर क्या होगा और कृषि पर क्या होगा? इसीलिए ये दोनों सवाल हमें जोड़कर देखने पड़ते हैं। इस पर हम बराबर निश्चित रूप से चर्चा करते हैं और आगे करते रहेंगे। हम अपने दायित्व में इससे पीछे नहीं हटेंगे। आपके जितने सुझाव हमें जल्दी-जल्दी मिलेंगे, ज्यादा मिलेंगे, उपयोगी सुझाव मिलेंगे। हमारा विभाग सहायता करने के लिए है। हम आपकी सहायता के लिए काम करते हैं। We are there to assist in the development of women. हमारा उद्देश्य आपकी प्रगति को रोकना नहीं है बल्कि जो हम सहायता कर सकते हैं वह जल्दी से जल्दी करेंगे चाहे वह माता के रूप में हो, चाहे वह श्रमिक के रूप में हो, चाहे वह पत्नी के रूप में हो, चाहे वह अधिकारी के रूप में हो और चाहे वह संसद सदस्य के रूप में हो, हर दृष्टि से आपके स्थान और स्तर को समाज में विकसित करने के लिए हमारा विभाग काम करता है। इसमें हम हमेशा आपकी पूरी सेवा करते रहेंगे।

एक प्रश्न श्री मार्गबन्धु जी ने उठाया था। उन्हें कानून के बारे में कुछ ऐसा प्रश्न उठाया था कि जो उन्होंने बीस-बीस वर्ष के बाद वे जीते लेकिन उसके बाद भी उस महिला को सम्पत्ति प्राप्त करने में कठिनाई हुई। यह देश है आज समाज की। कानून तो अधिकार देता है

उसे मगर जो सोशल कंडीशन्स हैं वहां अभी ऐसी स्थिति नहीं है। उस कानून के देने के बाद भी न्यायपालिक के द्वारा आदेशित होने के बाद भी, इतना अच्छा वकील होने के बाद भी, संसद सदस्य होने के बाद भी, वे पालन नहीं करवा सके। इसके लिए नये तौर पर सामाजिक चेतना की जरुरत है, व्यवस्था की जरुरत है। इसके लिए भी हम सुझाव आमंत्रित करते रहते हैं और जैसे-जैसे वे सुझाव आते हैं, हम उन्हें प्रोसेस करके आगे करते रहेंगे और चलते रहेंगे। इसमें हमें कोई दिक्कत नहीं है।

मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि मेरा निजी मत महिलाओं को सम्पत्ति में बराबरी के अधिकार देने का रहा है। मैं इस बात से सहमत हूं और हिन्दू उत्तराधिकार कानून में उचित संशोधन करके जो अविभक्त हिन्दू परिवार के अंदर जो विषमता है, जो सामान्य हिन्दू सक्सेशन एक्ट में बातें हैं, उसको दूर करने में कोई दिक्कत नहीं है। एच॰यू॰एफ॰ के कारण जो कठिनाई आती है उनको ठीक किया जाना चाहिए। उनको ठीक करने का सुझाव हमने अनेक राज्यों को दिया है और कुछ राज्यों ने किया भी। यहां भी हम कानून मंत्रालय को इस बारे में सुझाव देते हैं। इस सक्सेशन एक्ट के अतिरिक्त एच॰यू॰एफ॰ की विशेष व्यवस्था है, उनमें अवश्य परिवर्तन होना चाहिए और उसमें परिवार का विभाजन और महिलाओं को अधिकार, इन सबके बारे निश्चित रूप से परिवर्तन करने की जरुरत है और उस परिवर्तन का हम समर्थन करेंगे। लेकिन जैसा मैंने बताया कि हमारी सीमाएं यहां समाप्त हो जायेंगे, उसके बाद कानून मंत्रालय अपना काम करेगा। मैं समझता हूं कि मैंने अपने मंत्रालय की भूमिका की भूमिका स्पष्ट रूप से आपके सामने रख दी है। मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि हमारे मंत्रालय का विश्वास है कि महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाए, जो एक बराबरी, स्वाभिमानी, डिगनिफाई अस्तित्व के लिए क्रियाशील हो। ऐसे ही कार्यक्रम का हम समर्थन करते रहेंगे। हम यह चाहते हैं कि शीघ्रतातिशीघ्र महिलाएं इस देश के विकास में हर स्तर पर, न केवल घर में बल्कि घर के बाहर खेत में, खलिहान में, विमान में, विज्ञान में, संसद में, सब स्थानों पर बराबरी के साथ पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें और हमारा उनके प्रति यह सहयोग रहेगा कि पुरुषों से भी दो कदम आगे चलकर इस देश के विकास में आगे आयें। मेरे मंत्रालय का यह काम है और मैं इसमें आपको पूरा सहयोग करूंगा। इन शब्दों के साथ आपका धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANATAN BISI): Hon. Members, we had a very good discussion.

The House is adjourned till 11.00 A.M. tomorrow.

The House then adjourned at twenty-nine minutes past seven of the clock till eleven of the clock on Wednesday, the 29th July, 1998.

5529/RS